04 मिनी स्मार्ट सिटी के तहत हो रहे निर्माण कार्यों का...



07 केडीबीएम में विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य व...



## खबर संक्षेप

### कलेक्टर गाइडलाइन तय करने आज बैठक

**विदिशा।** वर्ष 2026-27 के लिए अचल संपत्तियों के बाजार मूल्य निर्धारण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में जिला मूल्यांकन समिति की बैठक आज शाम 4 बजे कलेक्ट्रेट में होगी। मप्र बाजार मूल्य मार्गदर्शक सिद्धांतों के तहत नई गाइडलाइन दरों पर चर्चा की जाएगी। बैठक में जिला पंचायत, पीडब्ल्यूडी, नगर पालिका, भू-अभिलेख, वन, उद्योग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी शामिल होंगे। नई दरें लागू होने पर संपत्ति पंजीयन में पारदर्शिता और राजस्व वृद्धि सुनिश्चित होगी।

### पांच दिवसीय सरकारी खरीद प्रशिक्षण आज से

**विदिशा।** उद्यमिता विकास केन्द्र द्वारा उद्यमियों, नव उद्यमियों और युवाओं के लिए 24 फरवरी से 5 दिवसीय प्रबंधन विकास प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसमें प्रतिभागियों को सरकारी खरीद प्रक्रिया, जेम पोर्टल व ई-प्रोक्योरमेंट पर पंजीयन, निविदा में भागीदारी तथा उत्पादों को शासकीय विभागों तक पहुंचाने की जानकारी दी जाएगी। 25 प्रतिभागियों के लिए आयोजित प्रशिक्षण में न्यूनतम योग्यता आठवीं पास और आयु 18 वर्ष निर्धारित है।

### जिला स्तरीय शांति समिति बैठक 25 को

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक बुधवार 25 फरवरी को होगी। यह बैठक पुलिस कंट्रोल रूम पुलिस लाइन विदिशा में शाम 5 बजे से शुरू होगी। डिप्टी कलेक्टर ने बताया कि आगामी त्यौहार होली, रंगपंचमी, तथा ईद-उल-फितर त्यौहारों के सदर्भ में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई है। सभी सदस्यों और विभागों के अधिकारियों को बैठक में शामिल होने की सूचना दी गई है।

### 16 वर्षीय बालक को परिजनों को सौंपा

**विदिशा।** 16 वर्षीय प्रियांशु माथुर को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा ट्रेन में लाए जाने के बाद सुरक्षित रूप से परिजनों के सुपुर्द किया गया। नींद खुलने पर स्वयं को विदिशा रेलवे स्टेशन पर पाकर बालक ने तत्काल आरपीएफ से संपर्क किया। आरपीएफ ने संवेदनशीलता दिखाते हुए उसे बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया। समिति ने परिजनों से संपर्क कर आवश्यक दस्तावेजी प्रक्रिया पूर्ण कर बालक को सौंप दिया। जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीता लोढ़ा के मार्गदर्शन में पूरी कार्रवाई हुई।

### छात्रावास में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया

**विदिशा।** नटेरन में छात्रावास स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। चिकित्सकीय दल ने विद्यार्थियों की ऊंचाई, वजन, हीमोग्लोबिन, आंख, त्वचा सहित सामान्य बीमारियों की जांच की। कुछ छात्रों में सामान्य समस्याएं पाई गईं, जिन्हें परामर्श व उपचार दिया गया तथा गंभीर मामलों को स्वास्थ्य केंद्र रेफर किया गया।

### कांग्रेसियों ने जनसमस्याओं को लेकर राज्यपाल के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

# किसान महापंचायत की तैयारियों को कांग्रेसियों ने नटेरन में किया मंथन

- शहर की कई बस्तियों में बैठकें आयोजित की गईं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा/ नटेरन

24 फरवरी को भोपाल में आयोजित होने वाली किसान महापंचायत को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नटेरन द्वारा स्थानीय कांग्रेस कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने की।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने कहा कि किसान वर्तमान में गंभीर आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं। फसलों के उचित दाम न मिलना, खाद-बीज की कमी, सिंचाई संसाधनों का अभाव, अनियमित बिजली आपूर्ति और प्राकृतिक आपदाओं के नुकसान का समुचित मुआवजा न मिलना प्रमुख समस्याएं हैं। उन्होंने कहा कि किसान महापंचायत किसानों की आवाज बुलंद करने का मंच बनेगी। ब्लॉक अध्यक्ष शरद शर्मा और प्रभारी तोरण सिंह रघुवंशी ने महापंचायत की तैयारियों की रूपरेखा बताई। ग्रामस्तर पर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गईं और अधिक से अधिक किसानों की सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया। बैठक के बाद कांग्रेस पदाधिकारियों ने राज्यपाल के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में नयागोला से पिपलधार चौराहे तक जर्जर सड़क निर्माण, नल-जल योजनाओं की मरम्मत, केसीसी खातों में 0% ब्याज योजना की तिथि बढ़ाने, प्रधानमंत्री आवास योजना के लंबित प्रकरणों का निराकरण, गोशालाओं की जांच तथा गेहूं का समर्थन मूल्य 2700 रुपए क्विंटल तय करने की मांग की गई। चेतावनी दी गई है कि समस्याओं के समाधान न होने पर पार्टी लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करेगी।



विदिशा। नटेरन में आयोजित बैठक के दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे।

### किसान महापंचायत में विदिशा के हजारों कार्यकर्ता होंगे शामिल

इंडिया-यूएस कृषि ट्रेड डील के विरोध में इंडियन नेशनल कांग्रेस द्वारा आज मंगलवार को भोपाल में आयोजित किसान महापंचायत में विदिशा जिले से हजारों कार्यकर्ता शामिल होंगे। कार्यक्रम में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे शामिल हो सकते हैं। तैयारी को लेकर नगर कांग्रेस ने वार्डस्तर पर बैठकें शुरू की हैं। अयोध्या बस्ती में हुई बैठक में जिलाध्यक्ष मोहित रघुवंशी सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यकर्ता सुबह 8 बजे ट्रेन व 9 बजे निजी वाहनों से भोपाल रवाना होंगे। कांग्रेस का दावा है कि जिले से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता महापंचायत में शामिल होने जाएंगे।

# डंडापुरा इलाके में पुलिस ने सात नाबालिग नशा करते पकड़े, खाली इंजेक्शन मिले

- सुनसान इलाकों में सक्रिय रहते हैं इस तरह के नशाखोर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

डंडापुरा इलाके में कोतवाली पुलिस ने 7 नाबालिग बच्चों को संदिग्ध अवस्था में नशा करते पकड़ा है। मौके से बड़ी मात्रा में खाली इंजेक्शन भी बरामद किए गए हैं।

सूत्रों के अनुसार शहर के कुछ सुनसान इलाकों में युवाओं और बच्चों द्वारा खुलेआम नशा करने की शिकायतें लगातार मिल रही थीं। पूर्व में नशे के कारण कुछ युवाओं की मौत के मामले भी सामने आ चुके हैं, जिससे नागरिकों और समाजसेवियों में रोष है। वे लंबे समय से अवैध नशा कारोबार पर सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

### बाल न्यायालय में पेश किया जाएगा

कोतवाली थाना प्रभारी आनंद राज ने बताया कि पकड़े गए सभी नाबालिगों को बाल किशोर न्यायालय में पेश किया जाएगा। इसके बाद उनके पुनर्वास, काउंसलिंग और नशा मुक्ति केंद्र भेजने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी, ताकि उन्हें मुख्यधारा में वापस लाया जा सके। एसपी रोहित काशवानी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए नशे के अवैध कारोबार पर कड़ा अंकुश लगाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया है कि नशा बेचने वालों के खिलाफ लगातार अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई की जाएगी और किसी को बख्शा नहीं जाएगा। अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखें।

### वेतन रोका, नपा के कर्मचारियों ने सौंपा ज्ञापन

**विदिशा।** नगरपालिका के कर्मचारियों ने 7 दिन का वेतन रोके जाने के विरोध में ज्ञापन सौंपा है। कर्मचारियों का आरोप है कि बीएलओ का कार्य पूरी जिम्मेदारी से करने के बावजूद बिना पूर्व सूचना या कारण बताए उनका वेतन रोक दिया गया। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि चुनाव संबंधी कार्य समयबद्ध और महत्वपूर्ण था, जिसे नियमित दायित्वों के साथ पूरा किया गया। वेतन रोकने की कार्रवाई से कर्मचारियों में असंतोष है और उनके परिवारों की आर्थिक स्थिति प्रभावित हो रही है। उन्होंने रोका गया वेतन तत्काल जारी करने तथा भविष्य में ऐसी कार्रवाई से पूर्व सूचना देने की मांग की। प्रशासनिक अधिकारी ने समस्या के निराकरण का आश्वासन दिया है।

# सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण के लिए आरटीओ कार्यालय में आज लगेगा शिविर

*आरटीओ कार्यालय में आज सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के संबंध में आरटीओ अधिकारी द्वारा शिकायतों को सुनकर उन्हे हल किया जाएगा।*

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

परिवहन कार्यालय में आज दोपहर 12 बजे सीएम हेल्पलाइन शिकायत निवारण तथा जनसुनवाई शिविर का आयोजित किया गया है। शिविर का उद्देश्य परिवहन विभाग से संबंधित लंबित शिकायतों का त्वरित निराकरण करना एवं नागरिकों की समस्याओं का समाधान करना है। इस जनसुनवाई शिविर में परिवहन विभाग से संबंधित सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज लंबित शिकायतों के निराकरण हेतु संबंधित शिकायतकर्ताओं को कार्यालय में उपस्थित होने के लिए आमंत्रित किया गया है, ताकि उनकी समस्याओं को समक्ष सुनकर मौके पर ही निराकरण किया जा सके।

इसके अलावा ऐसे नागरिक, जिन्हें परिवहन विभाग से संबंधित सेवाएं प्राप्त करने में किसी प्रकार की कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है, वे भी इस शिविर में उपस्थित होकर अपनी समस्या दर्ज करा सकते हैं। विभागीय अधिकारियों द्वारा उनकी समस्याओं को सुनकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। जिला परिवहन विभाग ने संबंधित शिकायतकर्ताओं एवं आम नागरिकों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि एवं समय पर शिविर में उपस्थित होकर इस सुविधा का लाभ उठाएं, जिससे उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

### शर्तों के उल्लंघन करने पर कलेक्टर ने शस्त्र लाइसेंस निरस्त किया

**विदिशा।** अंशुल गुप्ता ने शस्त्र अनुज्ञप्ति की शर्तों के उल्लंघन पर गजेन्द्र सिंह रघुवंशी निवासी सागर पुलिया का शस्त्र लाइसेंस निरस्त कर दिया है। उनके नाम दर्ज 12 बोर शस्त्र से 21 सितंबर 2025 को आरोपी राजेन्द्र उर्फ राजा ठाकुर द्वारा आसमानी फायर किए जाने पर थाना सिविल लाइन में प्रकरण दर्ज हुआ था। पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन के आधार पर आयुध अधिनियम 1959 की धारा 17 के तहत कार्रवाई करते हुए लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर शस्त्र थाना सिविल लाइन में जमा कराने के निर्देश दिए गए हैं।

# सोशल मीडिया पर दोस्ती फिर ब्लैकमेलिंग, बातचीत बंद करने पर शिक्षिका को दी जान से मारने की धमकी

### शिक्षिका की शिकायत पर लटेरी पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

लटेरी में निजी स्कूल की 19 वर्षीय एक शिक्षिका को सोशल मीडिया पर हुई दोस्ती भारी पड़ गई।

बातचीत बंद करने के बाद एक युवक ने उसे कॉल और मैसेज के जरिए जान से मारने की धमकी देना शुरू कर दिया। शिक्षिका की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी जय कुमार सिंह ने बताया कि लगभग 7 महीने पहले शिक्षिका की सोशल मीडिया के माध्यम से एक युवक से पहचान हुई थी। शुरुआत में दोनों के बीच सामान्य बातचीत होती थी, लेकिन कुछ समय बाद युवक का व्यवहार बदल गया। उसकी हरकतों से परेशान होकर शिक्षिका ने करीब एक महीने पहले उससे बातचीत पूरी तरह बंद कर दी। जिसके बाद युवक ने परेशान करना शुरू किया।

**मोबाइल कॉल डिटेल और सोशल मीडिया चैट की पड़ताल की जा रही है, आरोपी की तलाश जारी है**

बातचीत बंद होने के बाद आरोपी युवक ने शिक्षिका को लगातार कॉल और मैसेज कर धमकी देना शुरू कर दिया। आरोप है कि वह उसे जान से मारने की धमकी देकर मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा था। इस प्रताड़ना से परेशान होकर शिक्षिका ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शिक्षिका की शिकायत के आधार पर आरोपी युवक के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की है। पुलिस मामले की जांच के लिए मोबाइल कॉल डिटेल और सोशल मीडिया चैट की पड़ताल की जा रही है। आरोपी की तलाश जारी है।

# नपा सीएमओ दुर्गेश ठाकुर को डूडा का अतिरिक्त प्रभार सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने जिला शहरी विकास अभिकरण के परियोजना अधिकारी का अतिरिक्त दायित्वों प्रभार मुख्य नगर पालिका अधिकारी दुर्गेश ठाकुर को सौंपाने का आदेश जारी कर दिया है।

जारी आदेश के अनुसार जिला शहरी विकास अभिकरण के परियोजना अधिकारी जाबिर खान के स्वास्थ्य कारणों से अवकाश स्वीकृत अवधि में जिले की विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं एवं विकास कार्यों के संचालन में किसी प्रकार की बाधा न आए। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में उल्लेख किया गया है कि मुख्य नगरपालिका अधिकारी विदिशा दुर्गेश ठाकुर अपने वर्तमान दायित्वों के साथ-साथ जिला शहरी विकास अभिकरण के परियोजना अधिकारी का अतिरिक्त कार्यभार आगामी आदेश तक संभालेंगे। वे शहरी क्षेत्र में संचालित विभिन्न योजनाओं एवं विकास कार्यों की सतत मॉनिटरिंग एवं क्रियान्वयन सुनिश्चित करेंगे। यह आदेश तत्काल प्रभावशील हो गया है।

# कृषि रथ ने 4,656 गांवों में पहुंचकर 17,469 किसानों को किया लाभान्वित

**विदिशा।** किसानों को आधुनिक खेती, प्राकृतिक कृषि तकनीकों एवं शासन की योजनाओं की जानकारी देने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा जिले में 20 जनवरी से 19 फरवरी तक कृषि रथ अभियान संचालित किया गया। इस अभियान के तहत जिले के सभी विकासखंडों में व्यापक स्तर पर गतिविधियां आयोजित कर किसानों को जागरूक किया गया। अभियान के दौरान जिले में कुल 462 शिविर आयोजित किए गए, जिनके माध्यम से 4,656 ग्रामों तक कृषि रथ पहुंचा। इन शिविरों में 17,469 किसानों ने सहभागिता कर उन्नत कृषि तकनीकों एवं योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। अभियान में 122 कृषि वैज्ञानिकों ने उपस्थित होकर किसानों को वैज्ञानिक पद्धति से खेती करने, उत्पादन बढ़ाने एवं लागत कम करने के उपाय बताए।

विकासखंडवार प्रगति के अनुसार विदिशा विकासखंड में 66 शिविरों के माध्यम से 780 ग्रामों के 2,608 किसानों को लाभान्वित किया गया। अभियान के अंतर्गत प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रयास किए गए। जिले में 1,231 हेक्टेयर क्षेत्र में जैविक एवं प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित किया गया। इसके साथ ही 1,004 किसानों द्वारा नरवाई जलाने के बजाय उसका वैज्ञानिक प्रबंधन किया गया तथा 17,400 किसानों को रबी फसल के संबंध में जागरूक किया गया। इसके अलावा 3,016 किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों की जानकारी दी गई तथा 1,570 किसानों के खेतों में जैविक खाद एवं जीवामृत के उपयोग को बढ़ावा दिया गया। 3,512 हेक्टेयर क्षेत्र में फसल विविधीकरण किया गया तथा 6,914 किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए गए। कृषि रथ अभियान के दौरान विभिन्न शासकीय योजनाओं के लिए भी आवेदन प्राप्त किए गए।

# कक्षा 12वीं जीवविज्ञान परीक्षा में 2925 में से 2880 छात्र उपस्थित

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षा के अंतर्गत आयोजित कक्षा 12वीं जीवविज्ञान विषय की परीक्षा जिले में शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित रूप से हुई।

जिला शिक्षा अधिकारी एसपी जाटव द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी कक्षा 12वीं जीवविज्ञान विषय में जिले भर से कुल 2925 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 2880 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जबकि 45 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान जिले के किसी भी परीक्षा केंद्र पर नकल का कोई प्रकरण दर्ज नहीं किया गया, जो परीक्षा की पारदर्शिता और सख्ती को दर्शाता है। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा परीक्षा केंद्रों की व्यवस्थाओं पर सतत निगरानी रखी गई, जिससे परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सकी। परीक्षा केंद्रों पर आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गई थीं तथा केंद्राध्यक्ष एवं पर्यवेक्षकों द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि परीक्षा प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थीं।

### 23वीं श्रीमंत माधवराव सिंधिया स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता का छठवां दिन

# यूआईटी आरजीपीव्ही की टीम ने एसआईआरटी भोपाल को एक तरफा मुकाबले में 7 विकट से हराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

सम्राट अशोक अभियांत्रिकीय संस्थान में आयोजित 23वीं श्रीमंत माधवराव सिंधिया स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता 2026 के छठवें दिन यूआईटी, आरजीपीव्ही भोपाल विरूद्ध एसआईआरटी भोपाल के मध्य खेला गया।

यूआईटी, आरजीपीव्ही भोपाल ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। एसआईआरटी भोपाल ने पहले खेलते हुए निर्धारित 20 ओवर्स में आठ विकेट खोकर 147 रन बनाए। एसआईआरटी भोपाल के बल्लेबाज करण शर्मा ने 2 चौके 1 छक्के की मदद से 38 गेंदों पर 35 रन बनाए। वहीं उनका साथ देते हुए अज़ान खान ने 19 गेंदों पर 30 रन बनाये इस पारी में उन्होने 1 चौके और 2 छक्के मारे।

यूआईटी, आरजीपीव्ही भोपाल के गेंदबाज तरंग ने 4 ओवर्स में 11 रन देकर 2 विकेट व भारतल असनानी ने 4 ओवर्स में 22 रन देकर 2 विकेट हासिल किए। जबाब में खेलते हुए यूआईटी, आरजीपीव्ही भोपाल ने एक तरफा मुकाबले में एसआईआरटी भोपाल को मात्र 12 ओवर में 150 रन बना कर हरा दिया।

हिमांष मेवाड़ा ने मात्र 24 गेंदों में नाबाद 71 रन बनाये इस पारी में उन्होंने 12 चौके और 3 छक्के लगाये। वहीं उनका साथ देते हुए सृजल शर्मा ने 23 गेंदों पर नाबाद 37 रन बनाए। इस पारी में उन्होंने 4 चौके और 1 छक्का लगाया। एसआईआरटी के गेंदबाज आशीष रावत ने 3 ओर्वस में 24 रन देकर 2 विकेट हासिल किए।



### शिकायत पर एसपी रोहित काशवानी के निर्देश पर हुई कार्रवाई

# लूट ऑप्टिकल पर अवैध रूप से हुक्का और तंबाकू विक्रय पर कार्रवाई, आरोपी गिरफ्तार

- शहर में जगह जगह अवैध रूप से गांजा भी बेचा जा रहा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

पुलिस ने अवैध हुक्का एवं तंबाकू उत्पादों की बिक्री के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए नीमताल चौराह क्षेत्र स्थित लूट ऑप्टिकल दुकान से आरोपी को गिरफ्तार किया है।

एसपी से की गई शिकायत के बाद कोतवाली पुलिस ने यह कार्रवाई की। जांच में संचालक रोहित राजपूत पिता सुरेश राजपूत द्वारा अवैध रूप से हुक्का व तंबाकू फ्लेवर बेचने की पुष्टि हुई। तलाशी के दौरान 10 हुक्के हुक्का सिल्वर पन्नी का एक पैकेट, एक नोजल पैकेट, पांच हुक्का पाइप तथा 70 तंबाकू फ्लेवर पैकेट बरामद किए गए। प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई है। थाना प्रभारी आनंद राज सहित पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस ने स्पष्ट किया कि जनस्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी तथा अवैध वेप (ई-सिगरेट) कारोबार पर भी कड़ी नजर रखी जा रही है।



## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2400
उच्चतम भाव-5370
सरसों
न्यूनतम भाव-3000
उच्चतम भाव-5340
चना
न्यूनतम भाव-4550
उच्चतम भाव-7000
मसूर
न्यूनतम भाव-5440
उच्चतम भाव-7000
ज्वार
न्यूनतम भाव-1400
उच्चतम भाव-5800
मक्का
न्यूनतम भाव-1210
उच्चतम भाव-1615
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2200
उच्चतम भाव-3460
धान
न्यूनतम भाव-2250
उच्चतम भाव-4935
बटरी
न्यूनतम भाव-2100
उच्चतम भाव-4400
गेहूं
न्यूनतम भाव -1936
उच्चतम भाव- 3000
उड़द
न्यूनतम भाव-3800
उच्चतम भाव-6200
धनिया
न्यूनतम भाव-5500
उच्चतम भाव-5500

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मंडी में सोमवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मंडी में 9020 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### नि:शुल्क दवाओं का वितरण किया




**गंजबासौदा।** गत दिवस आयुष्मान आरोग्य मंदिर खड़ेर में आयुष विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 127 रोगियों की जांच कर नि:शुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। जिसमें विभाग के अनेक अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे। यहां उल्लेखनीय है कि होस्टिक वेल बीइंग केम्पस कार्यक्रमों का आयोजन वित्तीय वर्ष 25-26 में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा कराया जा रहा है।

### बिजली हो रही गुल

**गंजबासौदा।** इन दिनों नगर सहित ग्रामीण अंचल में बगैर सूचना के बार बार बिजली गुल हो रही है। जिससे विद्युत उपभोक्ताओं को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा रहा है। सोमवार को भी दिन में कई बार बिजली प्रदाय बंद रहा।

## काले मुंह के बंदर फसल व सब्जियों को पहुंचा रहे नुकसान...



**गंज बासौदा।** इलाके में काले मुंह के बंदर खेतों में खड़ी मटर, तेवड़ा, चने की फसल एवं बगीचों में लगी सब्जियों की फसल को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

## कुल्हार के बीजासन माता मंदिर में चल रही श्रीराम कथा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



नगर से 25 किलोमीटर दूर ग्राम कुल्हार में बीजासन माता मंदिर पर संत भरत दास महाराज की स्मृति में संगीतमय श्रीराम कथा का वाचन, कथा वाचक बंसीदास महाराज द्वारा किया जा रहा है।

कथा के चतुर्थ दिवस बंसीदास महाराज ने भक्तजनों को रसपान कराते हुए कहा कि आज के समय में श्रीराम भगवान को मानने वाले बहुत हैं, लेकिन उनकी बात को मानने वाले कम हैं। उन्होंने कहा पोथी सिर पर रखकर पूरे गांव में घूमने से कुछ नहीं होगा। पोथी को पढ़कर मन में धारण करने से जीवन में बदलाव की बात बनेगी। जिस रोटी के सेवन करने से भूख मिटती है, दवाई का सेवन करने से बीमारी जाती है। ठीक उसी प्रकार श्री राम कथा सेवन करने से जन्म और मृत्यु की बीमारी जाती है। आज के समय में श्री राम को मानने वाले बहुत हैं पर श्री राम की बातों को मानने वाले कम हैं, वैसे ही धर्म को मानने वाले बहुत है पर धर्म की मानने वाले बहुत कम है। पर बात तब बने भगवान श्री राम की भक्ति जीवन में आऐ शिक्षा और आदर्शों को मनुष्य अपने जीवन में उतारे और अपन अपनाएं। ग्राम कुल्हार में चल रही श्री राम कथा में पूज्य श्री बंसीदास महाराज ने कहा श्री रामचरित मानस की कथा हमें मर्यादा में रहने की प्रेरणा देती है। इस दौरान अनेक श्रद्धालुगण मौजूद रहे।

## वार्ड क्रमांक 4 की गली में भरने वाले पानी से दिलाई निजात

# मिनी स्मार्ट सिटी के तहत हो रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा







त्योंदा रोड पुराने बस स्टैंड पर मिनी स्मार्ट सिटी के तहत विभिन्न निर्माण किए जा रहे हैं। इन निर्माण कार्यों का मंगलवार को नपा सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव, मनोज यादव ने नपा अमले के साथ मौके पर पहुंचकर अवलोकन किया। साथ ही रहवासियों की समस्याओं का निराकरण किया। वहीं नगर के वार्ड नंबर 4 में बीजासन माता मंदिर वाली गली में बरसों से पानी भरता था। जिसके कारण वार्डवासी परेशान रहते थे। नगर पालिका द्वारा वहां नाला बना दिया गया जिससे गली में पानी भरने की समस्या का समाधान हो गया। जिस पर वार्डवासियों ने नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, नपा सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव का आभार माना है।

उधर नगर के जय स्तंभ चौक से बरेठ रोड जाने वाले मार्ग पर विद्युत वितरण कंपनी कार्यालय के बाहर कुछ दिन पूर्व सड़क के बीच बने डिवाइडर को स्मार्ट सिटी योजना के तहत सडक के दोनों ओर किए जा रहे चौडीकरण कार्य के चलते नपा प्रशासन ने हटवा दिया था। जिससे मार्ग चौड़ा हो गया लेकिन डिवाइडर हटने से सड़क के बीच खाली जगह में मिट्टी धंसने से गड्ढे हो गए थे और पिछले दिनों हुई बारिश से कीचड़ हो जाने से दो पहिया वाहन फिसल कर दुर्घटनाग्रस्त हो रहे थे। यह गड्डा आवागमन में परेशानी खडी कर रहा था। जिसको देखते हुए दुकानदारों ने सड़क के बीच खाली जगह पर सीसीकरण किए जाने की मांग की थी। इस परेशानी को ध्यान में रखते हुए नपा द्वारा सड़क के बीच से मलवा हटा दिया जहां सीसीकरण कार्य किया जाएगा। जिसका नपा सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया एवं दुकानदारों की समस्याएं सुनी। इस दौरान अनेक दुकानदार मौजूद रहे।

## मोडिफाइड साइलेंसर वाले वाहनों की हुई जांच, एक पर की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सोमवार को यातायात निरीक्षक निरपत सिंह लोधी के नेतृत्व में जय स्तंभ चौराहे पर यातायात पुलिस द्वारा वाहन चैकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें विशेष रूप से मोडिफाइड साइलेंसर वाले वाहनों की जांच की गई। इस वाहन चैकिंग के दौरान एक बुलेट बाइक से मोडिफाइड साइलेंसर निकलवाया गया। इसके अलावा बगैर हेलमेट, तीन सवारी, बगर नंबर प्लेट एवं अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर चालानी कार्रवाई की गई, अनेक वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की समझाईश दी गई। इस दौरान यातायात पुलिस बल मौजूद रहा।

## शहर थाना पुलिस ने रात्रि के समय नशेड़ियों को खदेड़ा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

रविवार को रात्रि के समय पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए नशेड़ियों को खदेड़ दिया। शहर थाना प्रभारी संजय वेदिया स्वयं पुलिस बल के साथ रात्रि गश्त पर निकले और लाइन पार के क्षेत्र में पुरानी कलारी के पास पहुंचकर कार्रवाई की गई।

कई दिनों से स्थानीय लोगों द्वारा शिकायत मिल रही थी कि कुछ लोग शराब पीकर देर रात तक उत्पात मचाते हैं और राहगीरों व आसपास के रहवासियों को परेशान करते हैं। यहां उल्लेखनीय है कि इन दिनों शादियों का सीजन चलने के कारण क्षेत्र में नशेडियों की गतिविधियां बढ़ गई हैं, जिससे लोगों की चिंता और बढ़ गई थी। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर नशे में उत्पात कर रहे लोगों को खदेड़ा और कड़ी हिदायत दी कि यदि सड़क पर शराब पीते या किसी को परेशान करते पाए गए तो सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्रवासियों ने पुलिस प्रशासन की सराहना करते हुए शहर थाना प्रभारी संजय वेदिया और उनकी टीम को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस तरह की कार्रवाई से असामाजिक तत्वों पर लगाम लगेगी और आमजन को राहत मिलेगी।


## जो समाज संतों का आदर करता है, वही समाज अपनी परंपरा को सुरक्षित रख पाता है: महंत राममनोहर दास



**गंजबासौदा।** रघुवंश की परंपरा, मर्यादा, सेवा और संत-सम्मान से जोड़ी है। इस रघुवंश का जीवन-वृत्त ऐसा रहा कि कवियों ने उसके त्याग और बलिदान को महाकाव्यों में रचा। इसी पुण्य परंपरा के कारण परमात्मा ने रघुवंश को अवतार-भूमि चुना, जहाँ भगवान राम और भरत जैसे आदर्श जन्मे। यह चयन सत्ता के वैभव पर नहीं, चरित्र की शुचिता पर हुआ। जो संत ब्राह्मण द्रोही होता है, अपमान करता है वह समूल नष्ट हो जाता है, हमारे सामने रावण इसका उदाहरण है। शक्ति और ऐश्वर्य के बावजूद संत-सम्मान के अभाव में लंका का वंश विनाश को प्राप्त हुआ। यह भाव सनकादिक आश्रम में चल रही नवदिवसीय भरत-चरित्र की कथा के पांचवे दिवस नौलखी आश्रम के श्रीमहंत राम मनोहर दास महाराज ने व्यक्त किए। श्रोताओं को समझाया गया कि मर्यादा का मूल संत-सम्मान है जो समाज संतों का आदर करता है, वही समाज अपनी परंपरा को सुरक्षित रख पाता है। रघुवंश की परंपरा ने राजधर्म को विलास नहीं, व्रत बनाया। सत्ता का अवसर मिला तो भी भरत ने उसे स्वीकारने के बजाय मर्यादा का वरण किया। कथावाचक ने स्पष्ट किया कि भरत का त्याग किसी पलायन का रूप नहीं, बल्कि लोक कल्याण के लिए लिया गया विवेकपूर्ण निर्णय है। भरत-चरित्र की कथा के दौरान रघुवंश के राजाओं की त्याग-परंपरा को केंद्र में रखकर संदेश दिया गया कि यह वंश सत्ता-सुख में नहीं, सेवा-साधना में अपनी पहचान बनाता रहा है। महाराजश्री ने कहा कि रघुवंश के नरेशों का इतिहास त्याग, साधना, बलिदान और मर्यादा की परंपरा है जहाँ सत्ता का मोह नहीं, लोकहित का संकल्प प्रधान रहा है। भरत इसी परंपरा के प्रतिनिधि हैं, जिन्होंने अधिकार नहीं, आदर्श को चुना। सनकादिक आश्रम में चल रही भरत-चरित्र की कथा के बीच स्वयं पाखी महाराज के आश्रम में सीताराम भगवान की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह ने पूरे क्षेत्र को भक्ति के सूत्र में बांध दिया। पांच कुंडीय महायज्ञ में देश के अलग-अलग हिस्सों से पहुंचे यजमानों ने राम-नाम की आहुतियां अर्पित कीं। कथा में उभरे भरत-भाव, त्याग, विनय और अधिकार से दूरी का प्रभाव यज्ञशाला के वातावरण में साफ दिखा। यज्ञ के आचार्य पंडित केशव शास्त्री के मार्गदर्शन में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आहुतियां दी गईं। गंजबासौदा, भोपाल और विदिशा के साथ हरियाणा, गुजरात व राजस्थान से पहुंचे यजमानों की सहभागिता ने आयोजन को क्षेत्रीय नहीं, राष्ट्रीय स्वरूप दिया। शास्त्री जी के अनुसार पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा में 1 लाख 60 हजार से अधिक आहुतियां राम नाम की दी जाएंगी। यजमानों ने बताया कि कथा में भरत का वंदन-भाव सुनकर उन्होंने अहंकार और आग्रह को त्यागने का संकल्प लिया, जिसे यज्ञ में आहुति के रूप में समर्पित किया गया।

## पंच कल्याणक महोत्सव के दौरान विराजमान होंगी 184 जिन प्रतिमाएं

# पंच कल्याण्क महोत्सव में होंगी जिन प्रतिमा प्रतिष्ठित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



मंगलवार से शुरू होने वाले पंच कल्याणक महोत्सव को लेकर आयोजन समिति द्वारा एक पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यक्रम के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए बताया गया कि वर्ष 2008 में संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर महाराज के सानिध्य में श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर के पंच कल्याणक आयोजित हुए थे। अब 18 वर्ष बाद वर्ष 2026 में पुनः श्री शांति नाथ दिगंबर जैन मंदिर में नव निर्मित द्वितीय वेदी पर चौबीसी का निर्माण किया गया है। जिसमें अष्टधातु की 72 जिन प्रतिमा विराजमान की जायेंगी और मंदिर प्रांगण में ही मान स्तंभ का निर्माण कर 108 रत्नमयी प्रतिमा विराजमान होंगी। साथ ही विधिनायक सहित अन्य 3 प्रतिमा पाषाण की प्रतिष्ठित होंगी। आयोजन समिति द्वारा आयोजित पत्रकारवार्ता में मौजूद पत्रकारों को मुनि विमल सागर महाराज के आशीष वचन सुनने का अवसर प्राप्त हुआ। जिसमें मुनि श्री ने कर्म सिद्धांत पर अपने प्रवचन दिए। मन पर नियंत्रण करने की सलाह दी, क्योंकि किसी भी अच्छे बुरे कार्य मन से ही प्रारंभ होते हैं।

पत्रकार वार्ता में बताया गया कि मंगलवार को घट यात्रा दोपहर 12 बजे से शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर, त्योंदा रोड से प्रारंभ होगी जो कि त्योंदा रोड़, जय स्तंभ चौक, नेहरू चौक, सुभाष चौक से महावीर मार्ग होते हुए आयोजन स्थल अयोध्या नगरी पुरानी गल्ला मंडी पहुंचेगी। जिसमें बड़ी संख्या में केसरिया वस्त्र पहनकर महिला सिर पर कलश लेकर घट यात्रा में शामिल होंगी। इसके बाद 25 फरवरी को गर्भ कल्याणक पूर्वार्ध, 26 फरवरी को गर्भ कल्याणक उत्तरार्ध ,27 फरवरी को जन्म कल्याणक महोत्सव, 28 फरवरी को तप कल्याणक महोत्सव, 1 मार्च को ज्ञान कल्याणक महोत्सव और 2 मार्च को मोक्ष कल्याणक महोत्सव एवं नव रथ यात्रा (फेरी) का भव्य आयोजन होगा। पत्रकार वार्ता में समाजजनों ने चिंता व्यक्त की कि आज से नगर में बड़ा धार्मिक आयोजन प्रारंभ होने जा रहा है, लेकिन अभी भी मंडी परिसर में असामाजिक तत्वों का जमघट लगा रहता है। जिससे कोई भी अप्रिय घटना होने की संभावना है। जबकि आयोजन समिति द्वारा पूर्व में ही पुलिस प्रशासन को आयोजन स्थल पर असामाजिक तत्वों के बारे में अवगत करा दिया गया है। पत्रकारवार्ता में अनेक पत्रकारगण, समाज जन एवं गणमान्य नागरिकगण मौजूद रहे।

## नदी में फेंकी गईं दवाएं कचरे के ढेर से हुईं गायब



**गंजबासौदा।** गत दिवस बेतवा नदी के रिपटा घाट पर नदी में फेंकी गईं दवाओं को श्रमदान दल के सदस्यों ने बाहर निकाला था और इन दवाओं को भी निकाले गए कचरे के साथ ढेर लगाकर रख दिया था, लेकिन सोमवार को इस संबंध में समाचार प्रकाशित होते ही अज्ञात तत्वों ने कचरे के ढेर से दवाओं को गायब कर दिया। माना जा रहा है कि किसी व्यक्ति ने इन दवाओं को गैर कानूनी ढंग से नदी में फेंका था और यह बात श्रमदान दल के माध्यम से सामने आने पर जांच एवं कार्रवाई के डर से दवाओं को वापस उठाकर ले गया है। जागरूक नागरिकों एवं श्रमदान दल ने प्रशासन से मांग की है कि इन दवाओं की जांच कर शीघ्र उचित कार्रवाई की जाए।

## भक्ति में धन नहीं भाव प्रधान होता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



नगर के वार्ड नंबर 17, पठारपुरा स्थित भाटन माता मंदिर प्रांगण में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का सोमवार को श्रद्धा और उल्लास के साथ समापन हुआ। कथा के सातवें और अंतिम दिन डॉ. अमृता करुणेश्वरी देवी ने अपनी ओजस्वी वाणी से भगवान श्री कृष्ण के विभिन्न प्रसंगों का वर्णन कर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। कथा के मुख्य अंश सप्तम दिवस की कथा में करुणेश्वर देवी ने सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष और शुकदेव विदाई के मार्मिक प्रसंगों पर प्रकाश डाला।

सुदामा चरित्र में कृष्ण-सुदामा की मित्रता का वर्णन करते हुए उन्होंने बताया कि भक्ति में धन नहीं, भाव प्रधान होता है। जब सुदामा के प्रेम स्वरूप भेंट किए गए चावल को प्रभु ने ग्रहण किया, तो पाण्डाल लाल की के जयकारों से गूँज उठा। परीक्षित मोक्ष की कथा में समझाया गया कि भागवत कथा का श्रवण केवल मृत्यु के भय को दूर नहीं करता, बल्कि जीवन जीने की सही कला सिखाता है। विदाई की वेला में कथा की पूर्णाहूति पर भाटन माता मंदिर परिसर का वातावरण अत्यंत भावुक हो गया, जहाँ श्रद्धालुओं ने नम आंखों से भागवत भगवान को विदाई दी। भंडारे के साथ हुई पूर्णाहूति कथा समापन के उपरांत महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें वार्ड नंबर 17 सहित गंजबासौदा के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। आरती के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों महिला, पुरुष श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध बैठकर प्रसादी ग्रहण की। श्रीमद्भागवत साक्षात कृष्ण का स्वरूप है। सात दिनों तक भाटन माता की इस पावन धरा पर जो ज्ञान की गंगा बही है, वह हम सभी के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाएगी। डॉ. अमृता करुणेश्वरी देवी स्थानीय रहवासियों और आयोजन समिति ने इस सफल आयोजन के लिए सभी सहयोगियों और श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया।

## दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई व नवीन सबस्टेशनों की स्वीकृति की मांग

# विधानसभा में गूंजा सिरोंज-लटेरी का बिजली संकट, विधायक ने किए सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज



विधानसभा सत्र में सिरोंज-लटेरी क्षेत्र के विधायक उमाकांत शर्मा ने जिले में सर्वाधिक प्रश्न प्रस्तुत किए गए थे। इनमें ऊर्जा विभाग से संबंधित तारांकित प्रश्न क्रमांक 1287 विशेष रूप से चर्चा का केंद्र रहा, जिसे उन्होंने विधानसभा में रखा। ज्ञात हो कि यह विधानसभा के कुछ ग्राम आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है और यहां कई वर्षों से विद्युत की परेशानी थी, लेकिन विधायक के प्रयासों से विगत कार्यकाल मे सोजना सबस्टेशन अन्य विद्युत सबस्टेशनों की स्वीकृति प्रदान की गई थी। जिस पर विधायक उमाकांत शर्मा के द्वारा मुख्यमंत्री एवं ऊर्जा मंत्री का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

वही विधायक श्री शर्मा ने सदन को अवगत कराया कि उनकी विधानसभा के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति बाहुल्य ग्रामों की 11 केवी विद्युत लाइन मकसूदनगढ़, जिला गुना से जुड़ी हुई थी, जिसके कारण इन क्षेत्रों के जनजातीय बंधुओं को समय पर बिजली उपलब्ध नहीं हो पाती थी। इस समस्या के समाधान हेतु उक्त विद्युत वितरण केंद्र को लटेरी से जोड़ने का प्रस्ताव दिया गया था, उन्होंने ऊर्जा मंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि घरेलू 11 केवी लाइन फीडर तो स्वीकृत हो गया, परंतु आरडीएसएस योजना के अंतर्गत लटेरी से ताजपुरा तक 11 केवी फीडर विस्तार कार्य वर्ष 2023 में स्वीकृत होने के बावजूद ठेकेदार द्वारा अभी तक पूर्ण नहीं किया गया है। उन्होंने यह भी ध्यान दिलाया कि एनएच 752 मकसूदनगढ़ रोड के कंधों और भुजाओं पर खंभे खड़े कर दिए गए हैं, किंतु उनमें तार तक नहीं डाले गए हैं, जिससे सड़क दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ रहा है और यातायात भी बाधित हो रहा है। उन्होंने सदन में जानना चाहा कि कार्य पूर्णता की अंतिम तिथि 31 मार्च 2026 होने के बावजूद अभी तक मात्र 20 प्रतिशत कार्य ही क्यों हुआ। इसके लिए कौन से अधिकारी एवं कर्मचारी दोषी हैं और उन पर क्या कार्यवाही की गई।

### नवीन विद्युत वितरण केंद्रों की स्वीकृति का आग्रह

इस मौके पर विधायक श्री शर्मा ने विधानसभा में मांग रखते हुए कहा कि भगवंतपुर, संतोषपुर, इसरवास एवं मुसखरा में नवीन विद्युत वितरण केंद्र स्थापित करने का निवेदन किया एवं कहा कि इन मांगों को लेकर पूर्व में भी पत्राचार के माध्यम से मांग की थी। इस पर मंत्री श्री तोमर ने बताया कि इन स्थानों का निरीक्षण पूर्व में कराया गया था। जो तकनीकी दृष्टि से साध्य नहीं पाया गया था, किंतु उन्होंने पुनः निरीक्षण कराकर संभावना तलाशने का आश्वासन दिया।

### मंत्री तोमर ने दिया जांच व कार्रवाई का आश्वासन

*तो वही ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने उत्तर देते हुए बताया कि सोजना उपकेंद्र का कार्य 2023 में प्रारंभ हुआ था और विलंब के लिए एजेंसी के विरुद्ध नोटिस जारी किया जा चुका है। वर्तमान में सोजना उपकेंद्र का 90 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है और शेष कार्य 31 मार्च 2026 तक पूर्ण करा दिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि शीघ्र ही इसका लोकार्पण विधायक श्री शर्मा के हाथों कराया जाएगा। लाइन विस्तार कार्य में विलंब के संदर्भ में मंत्री श्री तोमर ने स्पष्ट किया कि इस कार्य की स्वीकृति 2022 में और कार्यादेश 2023 में हुआ था। राष्ट्रीय राजमार्ग एवं वन परिक्षेत्र के आरओडब्ल्यू की अनुमति प्राप्त करने में बाधाएं उत्पन्न हुईं, जिसके लिए आवेदन दिया जा चुका है और अनुमति मिलते ही तीन माह के भीतर कार्य पूर्ण करा दिया जाएगा। तो वही विधायक श्री शर्मा ने पुनः प्रश्न करते हुए कहा कि जब खंभे ही खड़े हैं और तार नहीं डाले गए, बिजली नहीं है, तो इस लापरवाही के लिए कौन उत्तरदायी है। इस पर मंत्री श्री तोमर ने स्वीकार किया कि कार्य में विलंब हुआ है और इसके कारण भी स्पष्ट किए। उन्होंने आश्वस्त किया कि सड़क किनारे गलत स्थान पर गाड़े गए खंभों का अधिकारी विधायक जी के समक्ष जाकर स्वयं निरीक्षण करेंगे, जो गलत होगा उसे ठीक किया जाएगा और जो दोषी पाया जाएगा उस पर कार्यवाही की जाएगी।*

# केडीबीएम में विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य व कल्याण पर संवाद कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों तथा उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश के मार्गदर्शन में केडीबीएम महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं के मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण विषय पर एक वृहद संवाद एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में बढ़ते मानसिक तनाव,शैक्षणिक दबाव,भावनात्मक असंतुलन तथा सामाजिक चुनौतियों के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं समय रहते संवाद एवं सहयोग की संस्कृति को विकसित करना रहा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से काउंसलर श्वेता आनन्द त्यागी उपस्थित रहीं और उन्होंने विद्यार्थियों से विस्तारपूर्वक संवाद करते हुए बताया कि आज की प्रतिस्पर्धात्मक जीवनशैली में विद्यार्थियों पर पढ़ाई,करियर, परिवार और समाज की अपेक्षाओं का दबाव लगातार बढ़ रहा है, जिसका सीधा प्रभाव मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ता है। उन्होंने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य कोई कमजोरी नहीं, बल्कि जीवन का एक महत्वपूर्ण पक्ष है। यदि किसी छात्र को तनाव, घबराहट, असमंजस या भावनात्मक परेशानी महसूस हो रही हो तो उसे छिपाने के बजाय साझा करना चाहिए। समय पर संवाद, मार्गदर्शन और काउंसलिंग से न केवल समस्या कम होती है, बल्कि आत्मविश्वास और निर्णय क्षमता भी मजबूत होती है।

### निःसंकोच होकर विद्यार्थी कर सकते हैं संपर्क

*कार्यक्रम के दौरान नोडल अधिकारी शांताराम मराठा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय एवं उच्च शिक्षा विभाग द्वारा विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य को लेकर जो दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं, उनके पालन हेतु महाविद्यालय निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि संस्थान में विद्यार्थियों के लिए सुरक्षित, सहयोगात्मक एवं सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। किसी भी प्रकार की मानसिक, शैक्षणिक या व्यक्तिगत समस्या होने पर विद्यार्थी निःसंकोच महाविद्यालय प्रशासन एवं निर्धारित अधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं। तो वही काउंसलर सुजीत कुशवाह विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सकारात्मक सोच, अनुशासन और आपसी सहयोग ही मानसिक संतुलन बनाए रखने के प्रमुख आधार हैं। उन्होंने ऐसे संवाद कार्यक्रमों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक बताते हुए कहा कि इससे छात्र न केवल अपनी समस्याओं को समझ पाते हैं, बल्कि समाधान की दिशा में भी आगे बढ़ते हैं। संवाद सत्र के दौरान विद्यार्थियों ने खुलकर अपने विचार, अनुभव एवं प्रश्न साझा किए। कार्यक्रम का वातावरण अत्यंत सकारात्मक, संवेदनशील एवं सहभागितापूर्ण रहा। विद्यार्थियों ने इस पहल को उपयोगी, मार्गदर्शक एवं आत्मविश्वास बढ़ाने वाला बताया। महाविद्यालय प्रशासन द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया कि भविष्य में इस प्रकार के मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम, संवाद सत्र एवं काउंसलिंग गतिविधियाँ नियमित रूप से आयोजित की जाएँगी, ताकि विद्यार्थियों का शैक्षणिक, मानसिक एवं सामाजिक विकास सुनिश्चित किया जा सके।*

# गाडगे महाराज की धूमधाम से जयंती मनाई




हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

अखिल भारतीय रजक महासंघ द्वारा शिक्षा,स्वच्छता एवं समानता की राह दिखाने वाले महान संत शिरोमणि गाडगे महाराज जी जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर अखिल भारतीय रजक महासंघ द्वारा नगर के सिनेमा चौराहा स्थित सहयोग संस्था में पहुचकर महान संत शिरोमणि गाडगे महाराज के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना की और गरीबो को भोजन वितरण किया गया। इसी बीच प्रदेश संघठन महामंत्री मनीष रजक ने समाज को संत गाडगे बाबा के बताए मार्ग से अवगत कराया। साथ ही जीवन मे हमेशा असहाय की साहयता एवं समाज मे शिक्षा को लेकर जोर दिया। वही समाज को एकता मे संघटित रहने का संकलप लिया। इस दौरान तहसील अध्यक्ष नरेश मालवीय, नारायण सिंह रजक, नरेश मालवीय, नवल मालवीय, मनोज मालवीय, लक्ष्मीनारायण मालवीय, विनोद मालवीय, छोटू मालवीय, सोनू, ब्रजेश मालवीय, मालवीय, अभिषेक मालवीय, सुमित मालवीय मौजूद रहे।

# सड़क के किनारे खेत में मिला काले हिरण का कटा हुआ सिर

## मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम, जांच में जुटी



**सिरोंज।** ग्राम दीकनाखेडा-गोपाल नगर के बीच काले हिरण का शिकार कर उसके सिर को काटकर शिकारियो द्वारा सड़क किनारे खेत में फेंक दिया गया। तो वही हिरण के सिर के खेत में पडें होने की सूचना ग्रामीणो द्वारा दीपनाखेडा पुलिस व वन विभाग को दी। जिस पर वन विभाग रेंजर बृज दास मीणा ने अपनी टीम के साथ मौके पर पहुचकर जांच शुरू की। वही उन्होने बताया कि ग्रामीणो द्वारा सूचना की गई थी कि खेत में काले हिरण का सिर कटा हुआ पडा है। जब हमने मौके पर पहुचकर जांच की तो खेत के आसपास काफी खून भी मिला। जिससे यह शिकार का मामला लग रहा है। मामले में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# देवपुर खंड में हुआ प्रमुख जन गोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज




राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में सरसवती शिशु मंदिर कोरवासा में प्रमुख जन गोष्ठी कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य वक्ता विदिशा विभाग के सह विभाग प्रचार प्रमुख प्रेम सिंह धाकड का बौद्धिक हुआ। जिसमें उन्होने संघ स्थापना की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संघ की सौ वर्षो की यात्रा अत्यंत संघर्ष पूर्ण रही। तीन तीन बार संघ पर राजनीतिक विद्वेष के कारण प्रतिबंध लगाया गया और हर बार संघ न्यायपालिका में निर्दोष साबित हुआ। उन्होंने कहा कि पांच विषयों पर समाज में परिर्वतन का कार्य करना है जैसे नागरिक शिष्टाचार,कुटुम्ब प्रवोधन,स्वदेशी का भाव, सामाजिक समरसता और पर्यावरण संरक्षण आदि को अपने जीवन में पालन करना चाहिए जिससे अपने राष्ट्र को आत्म निर्भर और शक्तिशाली बनाया जा सकता है। साथ ही सशक्त और संगठित समाज ही शक्तिशाली भारत का निर्माण कर सकता है।

# 184 गर्भवती महिलाओं की समग्र आईडी बनाकर अनमोल पोर्टल पर दर्ज कराने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पीपलखेड़ा क्षेत्र अंतर्गत गर्भवती महिलाओं को समय पर स्वास्थ्य सेवाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से 184 गर्भवती महिलाओं का चिन्हांकन किया गया है। इन सभी महिलाओं की समग्र आईडी बनाकर उन्हें अनमोल पोर्टल पर दर्ज कराने के निर्देश संबंधित मैदानी अमले को दिए गए हैं।

विकासखंड चिकित्सा अधिकारी द्वारा जारी निर्देशों में कहा गया है कि जिन गर्भवती महिलाओं की समग्र आईडी नहीं बनी है, उनकी प्राथमिकता से समग्र आईडी तैयार कर अनमोल पोर्टल पर पंजीयन सुनिश्चित किया जाए। समग्र आईडी के अभाव में गर्भवती महिलाओं का पंजीयन नहीं हो पा रहा है, जिससे उन्हें शासन की विभिन्न मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलने में कठिनाई हो रही है। निर्देशों के अनुसार एएनएम, आशा कार्यकर्ता एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मचारियों को अपने-अपने क्षेत्र में सक्रिय होकर चिन्हित 184 गर्भवती महिलाओं से संपर्क कर आवश्यक दस्तावेज एकत्रित करने तथा शीघ्र आईडी बनवाने की कार्रवाई करने को कहा गया है। साथ ही सभी का पंजीयन अनमोल पोर्टल पर दर्ज कर नियमित स्वास्थ्य जांच एवं निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस प्रक्रिया से गर्भवती महिलाओं को समय पर जांच, टीकाकरण एवं अन्य आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी। इसके साथ ही शासन की योजनाओं का लाभ भी उन्हें सुगमता से मिल सकेगा। अधिकारियों ने संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि इस कार्य को प्राथमिकता के साथ पूर्ण कर निर्धारित समय-सीमा में प्रगति सुनिश्चित करें, ताकि कोई भी गर्भवती महिला स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित न रहे।

रजक समाज ने मनाई संत शिरोमणि श्री गाडगे महाराज की जयंती गुलाबगंज. स्वच्छता के जनक सामाजिक क्रांति के गुरु रजक समाज के आराध्य संत श्री गाडगे महाराज की 150 वी जयंती पर तिलक लगाकर माल्यार्पण किया गया अखिल भारतीय रजक समाज गुलाबगंज के द्वारा राजेश रजक शिक्षक के निवास पर समस्त समाज के लोग एकत्रित होकर मनाई गई।

## डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण रबी फसलीय गिरदावरी का 91.27% कार्य पूर्ण

**विदिशा।** रबी वर्ष 2025-26 के अंतर्गत जिले में डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण (डीसीएस) के तहत गिरदावरी कार्य में तेजी से प्रगति हो रही है। जारी तहसीलवार रिपोर्ट के अनुसार जिले में कुल 7 लाख 18 हजार 853.66 हेक्टेयर लक्ष्य क्षेत्र के विरुद्ध 6 लाख 56 हजार 116.15 हेक्टेयर क्षेत्र में गिरदावरी का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, जो कुल लक्ष्य का 91.27 प्रतिशत है। वर्तमान में 62 हजार 737.50 हेक्टेयर क्षेत्र में कार्य लंबित है। रिपोर्ट के अनुसार प्रगति के मामले में कुरवाई तहसील 96.17 प्रतिशत के साथ जिले में पहले स्थान पर है, जबकि बासौदा तहसील में 95.49 प्रतिशत और पठारी तहसील में 94.78 प्रतिशत गिरदावरी कार्य पूर्ण किया जा चुका है। इसके अलावा विदिशा तहसील में 94.27 प्रतिशत, ग्यारसपुर में 94.10 प्रतिशत तथा शमशाबाद में 93.86 प्रतिशत कार्य पूर्ण हुआ है। वहीं नटेरन तहसील में 93.14 प्रतिशत और गुलाबगंज में 91.83 प्रतिशत प्रगति दर्ज की गई है। दूसरी ओर त्योंदा तहसील में 88.95 प्रतिशत, सिरोंज में 88.40 प्रतिशत तथा विदिशा नगर में 87.50 प्रतिशत कार्य पूरा हुआ है। जिले में सबसे कम प्रगति लटेरी तहसील में 82.96 प्रतिशत दर्ज की गई है, जहां अभी भी 16 हजार 881.05 हेक्टेयर क्षेत्र में गिरदावरी का कार्य शेष है।

# ब्रीथ एनालाइजर प्रशिक्षण दिया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा को सशक्त बनाने की दिशा में पुलिस कंट्रोल रूम में ब्रीथ एनालाइजर संबंधी विशेष प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण का उद्देश्य नशे में वाहन चलाने की प्रवृत्ति पर नियंत्रण, दुर्घटनाओं में कमी तथा यातायात नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करना रहा। यातायात थाना प्रभारी आशीष राय ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उपकरण के संचालन, परीक्षण प्रक्रिया, साक्ष्य संकलन और वैधानिक प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी। व्यवहारिक प्रदर्शन के माध्यम से विभिन्न परिस्थितियों में इसके उपयोग की प्रक्रिया समझाई गई। जिले के एसडीओपी, थाना एवं चौकी प्रभारी सहित पुलिसकर्मियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। पुलिस अधीक्षक ने नियमित चेकिंग अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।

## श्रमजीवी पत्रकार संघ का निःशुल्क नेत्र शिविर लगा 190 मरीजों की जांच की, 36 ऑपरेशन के लिए रेफर

**शमशाबाद।** मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ की विदिशा जिला इकाई एवं शमशाबाद तहसील इकाई के तत्वावधान में शमशाबाद में सतगुरु सेवा ट्रस्ट आनंदपुर के सहयोग से विशाल नि:शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। समाजसेवा की भावना से आयोजित इस शिविर में क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर लाभ उठाया। शिविर में 190 मरीजों की आंखों की जांच की गई। 105 मरीजों को आई ड्रॉप एवं आवश्यक दवाएं नि:शुल्क वितरित की गईं। गंभीर समस्या से पीड़ित 36 मरीजों को भर्ती कर ऑपरेशन के लिए अनंतपुर भेजा गया। वहीं 48 मरीजों की दृष्टि जांच की गई, जिनमें से 42 जरूरतमंद मरीजों को नि:शुल्क चश्मे प्रदान किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसडीएम अजय प्रताप सिंह , नायब तहसीलदार डॉ. दर्शन लाल नेगी मौजूद रहे। इस अवसर पर ईश्वरी भार्गव, किशन सिंह राजपूत,विमल विश्वकर्मा, जिला महासचिव रुपेश आर्य, सौरभ जैन, धर्मेंद्र प्रजापति, अंकुश साहू, कुलदीप शर्मा, सैफ अली खान सहित वरिष्ठ पत्रकार हाकम सिंह रघुवंशी, पूरण सिंह रघुवंशी, संजय शर्मा, साकेत साहू, नंदकिशोर सेन मौजूद रहे।

## सिरोंज के बरखेड़ा ताल आंगनबाड़ी केंद्र में टीवी और आरओ मशीन की स्थापना

**विदिशा।** महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत देहरी सेक्टर के आंगनबाड़ी केंद्र बरखेड़ा ताल में बच्चों एवं हितग्राहियों की सुविधा के लिए टीवी एवं आरओ मशीन लगाने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इस पहल से केंद्र पर आने वाले बच्चों, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। आंगनबाड़ी केंद्र में टीवी लगाए जाने से बच्चों को शैक्षणिक एवं मनोरंजक गतिविधियों के माध्यम से सीखने का अवसर मिलेगा। टीवी के माध्यम से विभागीय शैक्षणिक सामग्री, पोषण संबंधी जानकारी एवं अन्य उपयोगी कार्यक्रम दिखाए जा सकेंगे, जिससे बच्चों के बौद्धिक विकास में सहायता मिलेगी। वहीं आरओ मशीन की स्थापना से केंद्र पर शुद्ध एवं स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित हो गई है। इससे बच्चों एवं महिलाओं को सुरक्षित पेयजल मिलेगा और जलजनित बीमारियों से बचाव में मदद मिलेगी। महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि बच्चों एवं महिलाओं को बेहतर वातावरण एवं सुविधाएं मिल सकें। थानीय हितग्राहियों एवं ग्रामीणों ने इस पहल पर खुशी व्यक्त करते हुए इसे बच्चों के स्वास्थ्य एवं शिक्षा के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया है।

# रजक समाज ने मनाई संत गाडगे महाराज की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुलाबगंज



रजक समाज के आराध्य संत श्री गाडगे महाराज की 150 वीं जयंती पर तिलक लगाकर माल्यार्पण किया गया।

अखिल भारतीय रजक समाज गुलाबगंज द्वारा राजेश रजक शिक्षक के निवास पर समस्त समाज के लोग एकत्रित होकर मनाई गई। जिसमें समाज के लोगों ने अपने अपने विचार व्यक्त किए तथा स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के लिए कहां गया एवं गाडगे बाबा के सिद्धांतों पर चलने की बात कही। इस अवसर पर राजेश रजक, राजेंद्र मालवीय, भूपेंद्र रजक, एडवोकेट बहादुर मालवीय, देवेंद्र रजक, शेरा मालवीय, मोहन मालवीय, राजेश मालवीय, राजाराम मालवीय, मनोज रजक, नमन मालवीय, मयंक रजक आदि मौजूद रहे।

# शीतलनाथ धाम में बरों वाले बड़े बाबा उच्चासन पर विराजमान होंगे, मार्च में पंचकल्याणक की संभावना

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



संत शिरोमणि आचार्य गुरुदेव विद्यासागरजी महामुनिराज एवं नवोदित आचार्य समयसागर महाराज के आशीर्वाद से शीतलधाम में विराजमान बरों वाले बड़े बाबा को उच्च स्थान पर विराजमान कराने तथा नवीन जिनविम्बों के पंचकल्याणक का आयोजन आगामी मार्च माह में होने की संभावना है। यह जानकारी सकल दि. जैन समाज के प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी ने दी। नगर में विराजमान निर्यापक मुनिश्री सम्भवसागर महाराज ससंघ के सानिध्य में आयोजित बैठक में मुक्तागिरी से पधारे प्रतिष्ठाचार्य बाल ब्र. विनय भैया ने जैसे ही मार्च में पंचकल्याणक की संभावित तिथि की घोषणा की, समाजजनों ने हर्षध्वनि के साथ स्वागत किया।

तिथि की निश्चितता एवं आशीर्वाद हेतु प्रतिनिधिमंडल के मुक्तागिरी जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में मुनिश्री सम्भवसागर महाराज ने कहा कि भगवान श्री आदिनाथ बरों वाले बाबा विदिशा के इष्ट देव हैं और उन्हें नवीन आसन पर विराजमान कराने के लिए पूरे जिले को तन-मन-धन से तैयार होना चाहिए। उन्होंने 2006 में कुंडलपुर में बड़े बाबा को नए आसन पर विराजमान कराने में विदिशा समाज की भूमिका का स्मरण कराया। प्रातः प्रवचन में मुनिश्री ने परिग्रह त्याग, संयम और आध्यात्मिक जागरण पर बल देते हुए कहा कि भौतिक चकाचौंध में वास्तविक सुख खोता जा रहा है। समाज ने पंचकल्याणक महोत्सव को भव्य रूप से आयोजित करने का संकल्प लिया।

# भोपाल किसान महाचौपालः रहली ब्लॉक कांग्रेस की बैठक संपन्न, कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह



**रहली।** राजधानी भोपाल के जवाहर चौक (अटल पथ) पर 24 फरवरी को आयोजित होने जा रही विशाल 'किसान महाचौपाल' की तैयारियों को लेकर रहली ब्लॉक कांग्रेस पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस महाचौपाल में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष श्री राहुल गांधी मुख्य रूप से शामिल हो रहे हैं।बैठक में ब्लॉक स्तर के सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। ब्लाक अध्यक्ष संजय पटेरिया ने संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा किए जा रहे भारत-अमेरिका ट्रेड डील के विरोध में यह महाचौपाल बुलाई गई है। कार्यकर्ताओं से अपील की गई कि वे अधिक से अधिक संख्या में भोपाल पहुँचकर इस कार्यक्रम को सफल बनाएं।

खबर संक्षेप

## गीदगढ़ गोशाला में मृत तेंदुआ, मौत का कारण अज्ञात



**दीवानगंज।** सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाली पंचायत क्षेत्र के गीदगढ़ महुआ खेड़ा स्थित गोशाला परिसर में एक तेंदुआ मृत अवस्था में पड़ा हुआ है। हालांकि यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि उसकी मौत कब और कैसे हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तेंदुआ के मुंह से खून निकलता दिखाई दे रहा था, जिससे आशंका जताई जा रही है कि उसकी मौत किसी चोट या आंतरिक रक्तस्राव के कारण हुई हो सकती है। वहीं यह भी संभावना जताई जा रही है कि तेंदुआ का शिकार किया हो या वह प्राकृतिक कारणों से मरा हो। घटना की सूचना वन विभाग को दे दी गई है। वन विभाग टीम मौके पर पहुंचकर जांच कर पंचनामा तैयार किया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही तेंदुआ की मौत का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल तेंदुआ कितने दिन पहले मरा, यह भी स्पष्ट नहीं हो पाया है। ग्रामीणों में घटना को लेकर भय और कौतूहल का माहौल है। इससे पहले भदभदा के रेलवे ट्रैक पर भी तेंदुआ मृत पाया गया था।

## पुलिस ने 2 चोरों को किया गिरफ्तार, नकदी जब्त

**रायसेन।** जिले की बेगमगंज में पुलिस ने महज 8 घंटे के भीतर बड़ी चोरी का खुलासा कर दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल कर ली है। दोनों आरोपियों के पास से चोरी के 3 लाख 70 हजार रुपये की राशि भी पुलिस ने जब्त की है। बेगमगंज के घोषी मोहल्ला निवासी रितेश जैन की हार्डवेयर दुकान से अज्ञात चोर 3 लाख 70 हजार रुपए नगद चोरी कर ले गए। पुलिस ने चोरी की वारदात का खुलासा महज 8 घंटों में उजागर करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के घर से 3 लाख 60 हजार रुपए, कैमरा और डीवीआर बरामद किए गए। पिता गणेशराम को भी सहयोग के आरोप में सह आरोपी बनाया गया है।

### सिनेरियस और लॉन्ग-बिल्ड प्रजाति के पांच गिद्धों को छोड़ा

# पर्यावरण संतुलन बनाने के लिए जरूरी है गिद्धों का संरक्षण: सीएम मोहन यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

प्रदेश में वन्यजीव संरक्षण की दिशा में एक और ऐतिहासिक कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को हलाली डैम क्षेत्र में लुप्तप्राय प्रजाति के 5 गिद्धों को प्राकृतिक आवास में छोड़ा। इनमें 4 भारतीय और एक सिनेरियस गिद्ध शामिल है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि गिद्धों का संरक्षण पर्यावरण संतुलन के लिए जरूरी है। मध्यप्रदेश पहले से ही देश का अग्रणी 'गिद्धराज' है और अब इसे और सशक्त बनाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि गिद्ध प्राकृतिक सफाई कर्मी के रूप में कार्य करते हैं। मृत पशुओं के अवशेषों को शीघ्र नष्ट कर वे संक्रमण और बीमारियां फैलने से रोकते हैं। इसलिए गिद्धों का संरक्षण जैव विविधता की रक्षा के लिए अत्यंत अवाश्यक है। उन्होंने कहा मप्र की समृद्ध प्राकृतिक विरासत का संरक्षण राज्य सरकार की प्राथमिकता है। गिद्ध संरक्षण से न केवल पारिस्थितिक संतुलन मजबूत होगा। बल्कि प्रदेश वन्यजीव संरक्षण का मॉडल भी बनेगा।

### मध्यप्रदेश में उपग्रह टेलीमेट्री जैसे नवाचारों से बढ़ रही है गिद्धों की संख्या



### अब सैटेलाइट टेलिमेट्री से होगी गिद्धों की निगरानी

प्रदेश में गिद्धों की गतिविधियों की वैज्ञानिक निगरानी के लिए उपग्रह टेलिमेटरी जैसे आधुनिक नवाचार अपनाए जा रहे हैं। टेलिमेटरी से प्राप्त आंकड़ों के माध्यम से- गिद्धों के आवागमन पैटर्न, भोजन स्थलों की पहचान, मानव जनित दबावों के प्रति प्रतिक्रिया, संरक्षित और मानव-प्रधान क्षेत्रों में उनकी स्थिति, बिजली के झटकों, विषाक्तता और आवास क्षरण जैसे जोखिम वाले क्षेत्रों की पहचान जैसी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त होंगी। इससे वैज्ञानिक प्रमाणों के आधार पर प्रभावी खतरा निवारण नीतियां तैयार की जा सकेंगी और भूदृश्य स्तर पर संरक्षण योजनाओं को सशक्त बनाया जा सकेगा।

### कार्यक्रम में इनकी उपस्थिति रही

कार्यक्रम में सांची विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत बबलू मीणा, जनपद पंचायत अध्यक्ष अर्चना सुनील पोर्ते, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं प्रबंध संचालक एचयू खान, कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा, पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता, प्रतिभा शुक्ला सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



### देसी एवं विदेशी गिद्धों को प्राकृतिक आवास में छोड़ा

रायसेन जिले के हलाली डैम के समीप मुख्यमंत्री डॉ यादव द्वारा सोमवार को 5 गिद्धों को प्राकृतिक आवास में छोड़ा गया। इनमें एक सिनेरियस गिद्ध जिसे विदिशा से रेस्क्यू किया गया था। सिनेरियस गिद्ध जिसे काला गिद्ध भी कहा जाता है, यह विश्व के सबसे बड़े और भारी उड़ने वाले पक्षियों में से एक है। यह मुख्यतः यूरेशिया क्षेत्र में पाया जाता है तथा भारत में शीतकालीन आंगतुक के रूप में उत्तर भारत के राजस्थान, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, मध्यप्रदेश आदि राज्यों के क्षेत्रों में देखा जाता है। इसी प्रकार वर्ष 2025 में 4 लॉन्ग-बिल्ड गिद्धों को विदिशा, मण्डला, बैतूल एवं सिवनी जिलों के विभिन्न स्थानों से रेस्क्यू कर वन विहार लाया गया था, जिसकी आयु उस समय लगभग एक वर्ष थी। वन विहार राष्ट्रीय उद्यान द्वारा इन सभी गिद्धों को वैज्ञानिक देखरेख में उपचार, पुर्नवास एवं स्वास्थ्य मूल्यांकन कराया गया! जिसके पश्चात इन्हें रीवाइल्डिंग के लिए उपयुक्त पाया गया।

### जांच के बाद शिक्षिका को किया सस्पेंड

## प्राथमिक विद्यालय के मिड-डे मील में मिली अनियमितताएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले में मध्यान्ह भोजन योजना के संचालन में लापरवाही और अनियमितता मिलने पर जिला प्रशासन ने सख्त कदम उठाया है। ब्लॉक बाड़ी की प्राथमिक शाला खुरपटनी में मिड-डे मील वितरण में गड़बड़ी सामने आने के बाद कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा के निर्देश पर तत्काल कार्रवाई करते हुए प्राथमिक शिक्षक श्रीमती निर्मला नायक को निलंबित कर दिया है। वहीं भोजन वितरण से जुड़े अम्बे स्व सहायता समूह का अनुबंध भी तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार, सोशल मीडिया पर प्राथमिक शाला खुरपटनी में मध्यान्ह भोजन वितरण में अनियमितता का मामला वायरल हुआ था। शिकायत में बच्चों को गुणवत्ताहीन भोजन देने तथा निर्धारित मानकों के अनुरूप भोजन न बनाने के आरोप लगाए थे। मामले में जिला प्रशासन ने तत्काल जांच के निर्देश दिए।

जिला स्तर से गठित जांच दल ने मौके पर पहुंचकर भोजन की गुणवत्ता, उपस्थिति पंजी, स्टॉक रजिस्टर और वितरण व्यवस्था की जांच की। जांच प्रतिवेदन में अनियमितता की पुष्टि होने पर संबंधित शिक्षिका नायक एवं स्व सहायता समूह की भूमिका संदिग्ध पाई गई। प्रतिवेदन कलेक्टर को सौंपे जाने के बाद त्वरित कार्रवाई की गई।

### स्वसहायता समूह का अनुबंध किया समाप्त

इधर, अम्बे स्व सहायता समूह का अनुबंध समाप्त होने के बाद खुरपटनी स्कूल में नए स्व सहायता समूह के माध्यम से भोजन व्यवस्था सुचारु रखने के निर्देश दिए हैं। ताकि विद्यार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। शिक्षा विभाग को भी नियमित निरीक्षण कर गुणवत्ता के निर्देश जारी किए हैं। ग्रामीणों एवं अभिभावकों ने जिला - प्रशासन की इस कार्रवाई का स्वागत किया है। उनका कहना है कि बच्चों के भविष्य से जुड़ी योजनाओं में पारदर्शिता और गुणवत्ता सर्वोपरि होनी चाहिए। प्रशासन ने संकेत दिए हैं कि जिले के अन्य स्कूलों में भी औचक निरीक्षण किए जाएंगे, जिससे मध्यान्ह भोजन योजना का सही क्रियान्वयन हो सके।

### अनियमितता या भ्रष्टाचार पर होगी कड़ी कार्रवाई

कलेक्टर विश्वकर्मा ने स्पष्ट किया है कि बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण से जुड़ी योजनाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मध्यान्ह भोजन योजना शासन की महत्वपूर्ण योजना है, जिसका उद्देश्य शासकीय स्कूलों में अध्ययनरत बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना है। ऐसे में यदि किसी स्तर पर अनियमितता या भ्रष्टाचार पाया जाता है तो संबंधितों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।


## हिंगलाज माता मंदिर से चांदी का छत्र, मुकुट और दानपेटी चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

नगर के मां हिंगलाज मंदिर में बीती रात बड़ी चोरी की वारदात सामने आई है। अज्ञात चोर मंदिर से चांदी का छत्र, मुकुट और दानपेटी ले उड़े। घटना बीती रात करीब पौने 3 बजे की बताई जा रही है। सूचना मिलते ही बाड़ी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।

मंदिर पुजारी रामप्रकाश तिवारी ने बताया कि सुबह जब वे मंदिर पहुंचे तो मुख्य गर्भगृह के पास सामान बिखरा पड़ा था। देखने पर पता चला चांदी का छत्र और माता का सिर मुकुट गायब मिला। वहीं दानपेटी को काटकर उसमें रखी नकदी और चिल्लर भी निकाल ली गई है। पुजारी के अनुसार चोरी सामग्री और नकदी की अनुमानित कीमत करीब ढाई लाख रुपए है।

### रात 2.45 बजे की वारदात, डॉग स्क्वॉड और फिंगरप्रिंट टीम खंगाल रही सुराग



डॉग स्क्वॉड और फिंगरप्रिंट टीम को मौके पर बुलाया गया। बरेली एसडीओपी नीलम चौधरी बाड़ी थाने टीआई राजेश तिवारी सहित पुलिस बल ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मां हिंगलाज देवी माता मंदिर शक्तिपीठ बाड़ी परिसर और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

## सांची फ्यूल पेट्रोल पंप की जांच पर उठाए गए सवाल
## शिकायतकर्ता बोला- खानापूर्ति कर मामला दबाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

नगर के सांची फ्यूल पेट्रोल पंप पर सीएनजी गैस में गड़बड़ी की शिकायतों के बाद की गई प्रशासनिक जांच अब खुद सवालों के घेरे में आ गई है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के बाद हरकत में आए जिला खाद्य आपूर्ति विभाग और नापतोल विभाग की संयुक्त टीम ने पंप पर छापेमारी की, लेकिन जांच की प्रक्रिया और पारदर्शिता को लेकर विवाद खड़ा हो गया है।

सूत्रों के अनुसार टीम ने सीएनजी डिस्पेंसर मशीनों की सील, मीटर रीडिंग और स्टॉक रजिस्टर का परीक्षण किया। अधिकारियों ने प्राथमिक तौर पर किसी बड़ी अनियमितता से इनकार किया है, लेकिन आधिकारिक रिपोर्ट अभी सार्वजनिक नहीं की गई है। यहीं से विवाद शुरू हो गया।

शिकायतकर्ता जीवन ठाकुर का आरोप है कि पूरी जांच सिर्फ औपचारिकता थी। उनका कहना है कि अधिकारियों ने उन्हें जांच के दौरान उपस्थित रहने का आश्वासन दिया था। लेकिन अंतिम समय पर उन्हें सूचना नहीं दी गई। अगर सब कुछ पारदर्शी था तो मुझे दूर क्यों रखा? ठाकुर ने कहा कि जांच टीम और पेट्रोल पंप संचालकों के बीच मिलीभगत की आशंका है।

### भोपाल न्यायालय के वारंट पर पुलिस ने की कार्रवाई

## भरण-पोषण के मामले में फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गैरतगंज

कुटुंब न्यायालय भोपाल द्वारा जारी गिरफ्तारी वारंट के परिपालन में गैरतगंज पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए एक फरार आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने बताया कि न्यायालय भोपाल के प्रकरण में आरोपी आमिर खान पिता सुल्तान खान, उम्र 27 वर्ष, निवासी ग्राम गढ़ी लंबे समय से फरार था। न्यायालय द्वारा आरोपी का वारंट जारी किया था।



गैरतगंज पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना और सक्रिय घेराबंदी कर आरोपी आमिर खान को गिरफ्तार किया। आरोपी को सोमवार को भोपाल न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे जेल दिया।

## रैपिड एक्शन फोर्स के साथ पुलिस ने शहर में निकाला फ्लैग मार्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

होली, रंगपंचमी और रमजान माह के मद्देनज़र जिले में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने जिला व पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। सोमवार शाम को कोतवाली थाना परिसर से शुरू होकर शहर के मुख्य मार्गों से जिला पुलिस फोर्स और रैपिड एक्शन फोर्स ने संयुक्त रूप से फ्लैग मार्च निकालकर शहरवासियों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया।

कोतवाली थाने से फ्लैग मार्च की शुरुआत हुई, जो शहर के प्रमुख मार्गों और संवेदनशील क्षेत्रों से होकर गुजरा। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश खरपुसे, कोतवाली थाना प्रभारी टीआई नरेंद्र गोयल सहित रैपिड एक्शन फोर्स के अधिकारी एवं सशस्त्र जवान मौजूद रहे।



## सिविल अस्पताल के तीन मंजिला सर्वसुविधा युक्त भवन में रोग विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी

### सिविल अस्पताल बरेली गंभीर मरीजों का रेफर सेंटर बना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

भोपाल से जबलपुर फोरलेन मार्ग पर बरेली सबसे बड़ा व्यापारिक प्रशासनिक और अधिक आबादी वाला नगर एवं क्षेत्र है पिपरिया मार्ग पर सिविल अस्पताल का 3 मंजिला विशाल सर्व सुविधायुक्त भवन तो है, परंतु सिविल अस्पताल में रोग विशेषज्ञ डॉक्टर एवं मेडिकल स्टॉप की कमी से जूझ रहा है। सैकड़ों मरीजों की प्रतिदिन ओपीडी होने से मरीज डॉक्टर की तलाश करते हैं।

सिविल अस्पताल से नर्मदा क्षेत्र की ढाई तीन लाख की आबादी स्वास्थ्य सेवाओं की जरूरत के अनुसार सिविल अस्पताल में डॉक्टर, मेडिकल स्टाफ और रोग विशेषज्ञ डॉक्टर के न होने के साथ भोपाल से जबलपुर के बीच फोरलेन 45 पर घटना दुर्घटना गंभीरों की जीवन रक्षा के लिए ट्रामा सेंटर नहीं है। जिसकी वर्षों से मांग बनी हुई है। ब्लड बैंक की भी व्यवस्था नहीं है, सीटी स्कैन, ईको सोनोग्राफी, वेंटीलेटर जैसी सुविधा न होने से गंभीर रोगियों को अन्य स्थानों पर रेफर और प्राइवेट में उपचार करना मजबूरी बना रहता है।



### सामान्य उपचार, और गंभीर मरीज रेफर

सिविल अस्पताल में रोग विशेषज्ञ डॉक्टरों की बरसों से कमी बनी हुई है। स्त्री रोग विशेषज्ञ, हृदय रोग विशेषज्ञ, नाक कान गला रोग, त्वचा रोग, हड्डी रोग, शिशु रोग, नेत्र और रेडियोलॉजी विशेषज्ञ की कमी होने से सिविल अस्पताल में सामान्य रोगियों का उपचार हो पाता है। गंभीर मरीजों को घटना दुर्घटना के घायलों ऑपरेशन वाले मरीजों को रायसेन रेफर करने की परंपरा बनी हुई है। इसी के साथ केंद्र और राज्य सरकार द्वारा प्रारंभ की गई विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं का गरीबों ग्रामीणों को लाभ नहीं मिल पाता है।

### परीक्षा, रमजान और होली को देखते हुए प्रशासन के सख्त निर्देश

# रात 10 बजे के बाद लाउड स्पीकर बंद रहेंगे

### डीजे संचालकों की बैठक में दिए निर्देश, सभा जूलूस में डीजे की अनुमति अवाश्यक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

सोमवार को पुलिस थाना सिलवानी परिसर में नगर के डीजे संचालकों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। संचालित परीक्षाओं, रमजान माह एवं होली पर्व को दृष्टिगत रखते हुए यह बैठक बुलाई गई थी। बैठक में थाना प्रभारी द्वारा शासन की ओर से जारी गाइड लाइन का कड़ाई से पालन करने निर्देश दिए।

बैठक में स्पष्ट किया कि रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक डीजे पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। धार्मिक एवं राजनीतिक कार्यक्रमों में डीजे या ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग के लिए पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य होगा। साथ ही सभी संचालकों को निर्देशित किया गया कि ध्वनि विस्तारक यंत्रों को निर्धारित सीमा में और कम आवाज में ही संचालित करें, ताकि विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।




बताया कि जिला मजिस्ट्रेट के आदेशानुसार संपूर्ण जिले को साइलेंट घोषित करते हुए कोलाहल अधिनियम लागू किया गया है। यदि इसका उल्लंघन होता है तो आप लोग जिम्मेदार होंगे और आप लोगों पर तो कार्रवाई होगी साथ में जो इसमें शामिल होंगे उन्हें भी नहीं बक्शा जाएगा। वहीं ध्वनि प्रदूषण मानक यंत्र को प्रदर्शित करते हुए बताया कि इस यंत्र के माध्यम से ध्वनि की डेसिमल क्षमता पकड़ी जाएगी यदि निर्धारित मानक से ज्यादा होगी तो प्रकरण बनना निश्चित है।

उन्होंने बताया कि सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के अनुसार रात 10 बजे तक ही इसमें छूट रहेगी। इसके बाद पूर्णत प्रतिबंध लागू रहेगा। सभी को निर्देश दिए गए कि परेशानी से बचने के लिए वह गाइडलाइन का अक्षरांश पालन करें।

### नियमों के उल्लंघन की शिकायत पर होगी वैधानिक कार्रवाई

थाना प्रभारी पूनम सविता ने चेतावनी दी कि नियमों का उल्लंघन पाए जाने या शिकायत प्राप्त होने पर तत्काल वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। बैठक में दिशा-निर्देशों की प्रति पढ़कर सुनाई गई तथा एक प्रति सोशल मीडिया पर साझा भी की गई, जिससे सभी संचालक नियमों से अवगत रह सकें। बैठक में लगभग 15 डीजे संचालक उपस्थित रहे और सभी ने प्रशासन को सहयोग का आश्वासन दिया।

## श्री शिव महिला मंडल के तत्वावधान में आज से कथा ज्ञान यज्ञ प्रारंभ होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

शिव महिला मंडल द्वारा 31वे वर्ष में आज 24 फरवरी से 2 मार्च तक 7 दिवसीय श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। कथा प्रारंभ होने से पूर्व नगर की परंपरानुसार प्राचीन श्रीजी मंदिर से नगर के प्रमुख मार्गों पर महिलाओं द्वारा कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसका समापन कथा स्थल पशु चिकित्सालय प्रांगण में होगा।

कथाओं की नगरी बरेली में इस बार श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में माँ रेवा पुत्री साध्वी मंहत प्रज्ञा भारती जी को कथा व्यास के रूप में आमंत्रित किया गया है। कथा के दौरान यजमान के रूप में श्रीमती सविता साहू, मीना रामकुमार श्रीवास्तव, पार्वती भगवान सिंह राजपूत, कृष्णलता मोतीलाल साहू, प्रीती पूरन सिंह धाकड़ पार्षद, कविता रामनारायण रघुवंशी, मानकुंवर मोहन विश्वकर्मा के साथ संरक्षक सहयोगी के रूप में पुनिता सुरेश बिदुआ, किरण मोतीलाल राठी, छाया लक्ष्मीनारायण सोनी की भूमिका रहेगी। क्षेत्र के विधायक राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल, नप अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी, उपाध्यक्ष नेपाल सिंह राजपूत की कथा के दौरान विशेष उपस्थिति रहेगी।

### श्रीजी मंदिर से निकालेंगे कलश शोभायात्रा



### आज निकलेगी शोभायात्रा

शिव महिला मंडल की महिलाओं द्वारा विगत 3 दसकों से श्रीमद् भागवत कथा का उत्साह और सक्रियता पूर्वक आयोजन कर श्रीकृष्ण की महिमा, भक्ति, सनातन धर्म, संस्कृती का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। शिव महिला मंडल द्वारा पशु चिकित्सालय के पास प्लाट खरीद कर सत्संग भवन, संत निवास का निर्माण भी कराया जा रहा है। आज कथा व्यास मंहत साध्वी सुश्री प्रज्ञा भारती के सानिध्य में श्रीजी मंदिर कलश शोभायात्रा निकाले जाने के साथ 7 दिवसीय कथा प्रारंभ होगी।